दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 01 सितम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 332

## महत्वपूर्ण एवं खास

### घुमंतु लोगों से जड़ी-बूटी खरीदकर खाने से एक की मौत, 2 गंभीर

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के चिल्हाटी थानांतर्गत ग्राम कहाड़कसा में एक परिवार को घुमंतु जड़ी-बूटी व्यापारी से जड़ी-बूटी खरीदकर खाना भारी पड़ा। जड़ी-बूटी का असर परिवार के एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटी की हालत गंभीर है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कहाड़कसा में एक शिक्षक राजेश्वर कोरे और उसका परिवार आज सुबह गांव में घुमंतु जड़ी-बूटी दवा के व्यापारी से जड़ी-बूटी खरीदी और उसका सेवन कर लिया। जड़ी-बूटी का सेवन राजेश्वर के अलावा उसकी पत्नी कौशिल्या और बेटी पूमा ने भी किया। जड़ी-बूटी सेवन करने के कुछ देर बाद तीनों की स्थिति बिगड़ने लगी। यह देख कर अन्य परिजनों ने परिवार के तीनों सदस्यों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए, डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। हयां इलाज के दौरान राजेश्वर की मौत हो गई। जबकि कौशल्या और उसकी बेटी उमा का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जड़ी-बूटी व्यापारी की तलाश कर रही है।

### बिहार में लगेगी पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली की मूर्ति-सीएम नीतीश

**पटना।** नीतीश सरकार ने पूर्व वित्त मंत्री और दिवंगत बीजेपी नेता अरुण जेटली की बिहार में प्रतिमा लगवाने का फैसला किया है। शनिवार को प्रदेश के सीएम नीतीश कुमार ने इसकी घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने यह भी ऐलान किया है कि अरुण जेटली की जन्मतिथि (28 दिसंबर) को हर साल राजकीय समारोह के तौर पर मनाया जाएगा। गौरतलब है कि बीते 24 अगस्त को पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली का एम्स में निधन हो गया था। जेटली के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए सीएम ने इसे व्यक्तिगत क्षति बताया था। इसके बाद उन्होंने राज्य में दो दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि जेटली से उनके व्यक्तिगत संबंध थे। जेटली को सम्मानित करते हुए, सीएम ने शनिवार को प्रदेश में उनकी प्रतिमा स्थापित करने का ऐलान किया। उन्होंने आगे कहा कि हर साल पूर्व वित्त मंत्री के जन्मदिवस को राजकीय समारोह के तौर पर मनाया जाएगा।

### गृह मंत्री शाह से मिले इंटरपोल के महासचिव स्टॉक

**» आतंक के खिलाफ लड़ाई में सहयोग का दिया भरोसा**

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए इंटरपोल के महासचिव जुर्गेन स्टॉक ने शनिवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने गृह मंत्री को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इंटरपोल की तरफ से हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने गृहमंत्री को आतंकवाद के दिखाई गई प्रतिबद्धता के लिए शुक्रिया कहा। मुलाकात के दौरान गृह मंत्री शाह ने दिल्ली में इंटरपोल महासभा की मेजबानी का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि 2022 में भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाएगा। उन्होंने उसी साल दिल्ली में इंटरपोल महासभा की मेजबानी की पेशकश की। इसके अलावा गृह मंत्री ने इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सपोर्ट और सहयोग की बदौलत भारत को इंटरपोल ग्लोबल अकेदमी का क्षेत्रीय गढ़ बनाने की इच्छा जाहिर की। इससे पहले इंटरपोल के महासचिव जुर्गेन स्टॉक ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह सचिव एक. के. भल्ला से मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस दौरान आतंकवाद फैलाने के आरोपी जाकिर नाइक सहित अन्य के खिलाफ लंबित रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। नाइक अभी मलेशिया में है। अधिकारियों ने बताया कि भल्ला ने स्टॉक के साथ हुई 30 मिनट की बैठक में भारतीय कानून से बच रहे भगोड़ों के खिलाफ लंबित रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करने की जरूरत पर जोर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट में जज बनेंगे हाईकोर्ट के 4 मुख्य न्यायाधीश, नामों की गई सिफारिश

**नईदिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने शीर्ष अदालत में बतौर न्यायाधीश पदोन्नत किए जाने के लिए हाईकोर्ट के चार मुख्य न्यायाधीशों के नामों की अनुशंसा की है। इन नियुक्तियों के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में कुल न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 हो जाएगी।**



केंद्र सरकार ने कुल न्यायाधीशों की संख्या बढ़ा कर 34 करने को हाल ही में मंजूरी दी थी। मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने कहा कि शीर्ष अदालत फिलहाल 30 न्यायाधीशों के साथ काम कर रही है जो स्वीकृत संख्या से चार कम है। कॉलेजियम ने पदोन्नति के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश कृष्ण मुरारी, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एस रविंद्र भट, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश वी.रामसुब्रमण्यम और केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऋषिकेश रॉय के नामों की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने कहा, कॉलेजियम ने उच्चतम न्यायालय में बतौर न्यायाधीश नियुक्त किए जाने के लिए मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के अवर न्यायाधीशों के नाम पर गहन विचार-विमर्श एवं चर्चा की और चार मौजूदा रिक्तियों को भरने का संकल्प लिया।

## भोंपू बजाने वाली सरकार ने अर्थव्यवस्था की हालत पंचर कर दी:प्रियंका

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आर्थिक विकास दर के पिछले सात साल के अपने न्यूनतम स्तर पर चले जाने को लेकर शनिवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भोंपू बजाने वाली भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को हालत पंचर कर दी। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का जिम्मेदार कौन है?



प्रियंका ने ट्वीट किया, जीडीपी की विकास दर से साफ है कि अच्छे दिन का भोंपू बजाने वाली भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था की हालत पंचर कर दी है। न जीडीपी ग्रोथ है, न रुपए की मजबूती। रोजगार गायब है। उन्होंने पूछा, अब तो साफ करो कि अर्थव्यवस्था को नष्ट कर देने की ये किसकी करतूत है? गौरतलब है कि देश की आर्थिक वृद्धि दर 2019-20 की अप्रैल-जून तिमाही में घटकर पांच फीसदी रह गई है। यह पिछले सात साल का न्यूनतम स्तर है। विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट और कृषि उत्पादन की सुस्ती से जीडीपी वृद्धि में यह गिरावट आई है. शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है.

## धुले में केमिकल कंपनी में भीषण विस्फोट,10 की मौत व 15 घायल

**धुले (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के धुले में एक केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 15 लोगों के घायल होने की खबर है। धुले जिले के शिरपुर के वहाडी में एक केमिकल फैक्ट्री के बॉयलर में विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि इसकी गूंज दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस कारखाने में विस्फोट के समय करीब



100 मजदूर काम कर रहे थे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है जहां अधिकांश की हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल विस्फोट के बाद लगी आग को बुझाने की कोशिश की जा रही है। फैक्ट्री में हुए इस विस्फोट से इलाके में हड़कंप मच गया है। मौके पर फैक्ट्री के अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा स्थानीय लोग और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी राहत कार्य में जुटे हैं। इस दौरान करीब 40 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। मृतकों में महिला और पुरुष दोनों कर्मचारी शामिल हैं। वहीं दमकल विभाग का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इसके साथ ही फैक्ट्री से निकली जहरीली गैसें और धुआं भी आसपास के गांवों में फैल रहा है, जिससे खतरा बढ़ने की संभावना है। इस घटना के संबंध में अभी और जानकारी जुटाई जा रही है।

## हवाईअड्डे पर पांच लाख डॉलर की तस्करी के आरोप में पांच विदेशी गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने कथित रूप से तस्करी कर करीब पांच लाख डॉलर हांगकांग ले जाने की कोशिश कर रहे पांच विदेशी नागरिकों को दिल्ली हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की प्रवर्तन ईकाई डीआरआई ने बुधवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पांच विदेशियों को रोका। ये सभी ताइवान के हैं और हांगकांग




जा रहे थे। उन्होंने बताया कि इनके सामान की जांच में 4,49,600 डॉलर (करीब 3,25,51,040 रुपये) मिले जो वे तस्करी कर हांगकांग ले जा रहे थे। 25 अगस्त को हांगकांग से भारत आए इन विदेशियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे एक माफिया का हिस्सा हैं जो विदेश से भारत में सोने की और भारत से विदेशी मुद्रा की तस्करी करता है। अधिकारियों के मुताबिक बरामद नकदी को जब्त कर आरोपियों को सीमा शुल्क कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई ने गुरुवार को उन्हें अदालत में पेश किया जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## राजधानी में फ्लैट दिलाने के नाम से 700 लोगों से करोड़ों की धोखाधड़ी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बाहरी दिल्ली में फ्लैट दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। साउथ दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली के करीब 700 लोगों को धोखा देकर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया है। फिलहाल उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि एम.कॉम ग्रेजुएट जय प्रकाश सैनी उर्फ त्रिलोक सिंह संधू दिल्ली के द्वारका में रियल




एस्टेट कंसल्टेंट के रूप में काम करता था। उसने लोगों को बख्तावरपुर में फ्लैट दिलाने का भरोसा दिया था। उसने कहा कि उसके पास 30 एकड़ ज़मीन है जिसमें वेदांता वेलफेयर सोसायटी नाम से फ्लैट्स का निर्माण किया जा रहा है. इस दौरान उसके झांसे में आए सैकड़ों लोगों ने करोड़ों रुपये देकर यहां फ्लैट बुक कर लिए. लेकिन जैसे ही लोग बताई गई लोकेशन पर फ्लैट देखने पहुंचे तो वहां कोई भी निर्माण कार्य नहीं हो रहा था. और न ही जय प्रकाश सैनी की 30 एकड़ जमीन मिली. इसके बाद 2016 में सैनी के खिलाफ पहली एफआईआर दर्ज की गई. इसके बाद लगातार 47 लोगों ने सैनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. आरोपी सैनी पैसे लेकर दिल्ली से कोलकाता भाग गया और यहां नाम बदलकर रहने लगा. उसने अपना नया नाम त्रिलोक सिंह संधू रख लिया. लेकिन वो दिल्ली पुलिस की नजरों से बच नहीं सका. क्राइम ब्रांच ने उसे कोलकाता से धर दबोचा. फिलहाल उससे पूछताछ चल रही है. आरोपी के खिलाफ एफआईआर करने वाले पहले निवेशक ने बताया कि आरोपी जय सैनी ने उसे 4.4 करोड़ रुपये का चूना लगाया. निवेशक ने बताया कि उसने सैनी की बातों में आकर चार फ्लैट बुक कर दिए और उसे 34 लाख रुपये की पहली किश्त दे दी. जब तक उन्हें ठगे जाने का पता चलता तब तक वो उसे 4.4 करोड़ की रकम दे चुके थे.

### चौथी मंजिल से सांड ने लगाई छलांग, हुई मौत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** शहर के चौक-चौराहों और सड़क पर अक्सर सांड टहलते, घूमते-फिरते और एक-दूसरे से लड़ते या फिर राहगीरों को परेशान करते दिख जाते हैं. लेकिन यह सुनकर ताज्जुब होगा कि दिल्ली जैसे शहर में एक सांड इमारत की चौथी मंजिल पर चढ़ गया. दक्षिण दिल्ली के राजू पार्क इलाके की यह घटना है जहां एक सांड बिल्डिंग के चौथे फ्लोर पर चढ़ गया, फिर वहीं से उसने पास की छत पर छलांग लगा दी. इस हरकत की वजह से सांड की गर्दन की हड्डी और पैर टूट गया. घायल सांड की बाद में तड़प-तड़प कर जान चली गई.

## जम्मू-कश्मीर के 575 जवान हुए सेना में शामिल


**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू और कश्मीर में हथियार उठा रहे लोगों को वहां के नौजवानों ने करारा जवाब दिया है. शनिवार को 575 परिवारों के लिए शनिवार को खुशी का दिन रहा. यहां 575 जवान जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री में शामिल हुए. शनिवार को हुई पासिंग आउट परेड के बाद यह सभी भारतीय सेना का हिस्सा बन गए. शनिवार को पीओपी के दौरान इन सभी जवानों के परिजन भी मौजूद रहे. जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री में शामिल होने के बाद वसीम अहमद मीर ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं, मेरे



माता-पिता गर्व महसूस कर रहे हैं. हमें शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से सेना में बहुत कुछ सीखने को मिलता है. मेरे पिता भी सेना में थे, उनकी वर्दी ने मुझे सुरक्षाबल में शामिल होने के लिए प्रेरित किया. एक अन्य जवान ने कहा कि हमें बड़ी खुशी हुई कि हमने अपनी ट्रेनिंग खत्म कर अब अपनी पलटन में जाएंगे और पूरी ईमानदारी से देश की सेवा करेंगे.

## पाक पीएम इमरान ने दी युद्ध की धमकी, विदेश मंत्री कुरैशी भारत को दे रहे बातचीत का ऑफर

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा हटाए जाने के बाद से पीएम इमरान खान हर रोज भारत के खिलाफ कड़वे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं और गुरुवार को एक अमेरिकी अखबार के लेख में उन्होंने यह तक कह डाला कि भारत के साथ बातचीत तभी संभव है जब वह आर्टिकल 370 को लेकर लिए फैसले को पलटे। और इतना ही नहीं उन्होंने भारत को युद्ध की चेतावनी भी दे डाली। लेकिन पीएम इमरान के रुख से उलट उनके विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने भारत से बातचीत की इच्छा जताई है। सभी कॉमेंट्स देखेंअपना कॉमेंट लिखेंकुरैशी ने कहा है कि भारत के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने में कोई दिक्कत नहीं है। पाक मीडिया के मुताबिक कुरैशी ने कहा, %हम वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा भारत भी यह चाहता है या नहीं।% उल्लेखनीय है कि अमेरिकी अखबार न्यू यॉर्क टाइम्स में अपने एक आर्टिकल में गुरुवार को इमरान ने फिर चेतावनी दी कि अगर विश्व कश्मीर पर भारत के फैसले को रोकने के लिए कुछ नहीं करता तो दो परमाणु संपन्न देश सैन्य लड़ाई के करीब पहुंच जाएंगे। कुरैशी का यह बयान तब महत्वपूर्ण हो जाता है जब हाल ही में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ



आतंक मुक्त और हिंसा मुक्त माहौल में द्विपक्षीय वार्ता को तैयार है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद से पाकिस्तान दुनियाभर से भारत के खिलाफ शिकायत कर रहा है लेकिन उसे हर जगह मुंह की खानी पड़ रही है। हालांकि, पाकिस्तान को चीन को छोड़कर किसी का साथ नहीं मिल रहा है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने साफ कर दिया है कि भारत द्वारा लिया गया फैसला पूरी तरह से उसका आंतरिक मामला है।

## बर्थडे सेलिब्रेशन के बहाने दोस्तों ने किया था गैंगरेप, पीड़िता की अस्पताल में हुई मौत

**औरंगाबाद (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद की रहने वाली गैंगरेप पीड़ित लड़की की इलाज के दौरान मौत हो गई है. बीते जुलाई महीने में लड़की के साथ उसके ही चार दोस्तों ने मुंबई में रेप किया था. जुलाई में हुई इस घटना में पीड़िता बुरी तरह जख्मी हो गई थी. उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था लेकिन अब उसकी मौत हो गई है. पुलिस ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि लड़की के साथ बर्थडे सेलिब्रेट करने के बहाने उसके चार



दोस्तों ने उससे गैंगरेप किया था. इस घटना के बाद पीड़िता अपने घर औरंगाबाद लौट आई थी. पीड़िता ने डर के चलते किसी को इसकी जानकारी नहीं दी. लेकिन तबियत बिगड़ने पर उसे 25 जुलाई को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों को उसके साथ गैंगरेप होने की बात का पता चला. जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया. अस्पताल के अनुसार पीड़िता ने 24 जुलाई को अपने प्राइवेट पार्ट में तेज दर्द की शिकायत की थी. डॉक्टरों ने जांच की तो पता चला कि उसके साथ रेप हुआ है. इसके बाद पीड़िता को सरकारी अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया था. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की लेकिन अभी तक वो पकड़े नहीं जा सके हैं. पीड़ित लड़की ने वारदात के करीब 20 दिन तक इसकी जानकारी किसी को नहीं दी. डर के चलते उसने अपने माता-पिता को भी इस बारे में कुछ नहीं बताया. हालांकि बाद में उसकी हालत खराब हो गई जिसके चलते परिजनों को उसे लेकर अस्पताल जाना पड़ा. जहां गैंगरेप की घटना का खुलासा हुआ. लड़की के परिजनों के अनुसार मुंबई से लौटने के बाद वह वो काफी परेशान थी और अपने कमरे में ही बंद रहती थी.